# पारिवारिक कलह के चलते हल्का पटवारी ने की आत्महत्या

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अमरवाड़ा में उस समय सनसनी फैल गई जब तरूण उईके नामक पटवारी पारिवारिक कलह के चलते किराए के मकान में फांसी पर झूल गया। खबर लगते ही पुलिस और राजस्व का अमला मौके पर पहुंचा और कार्यवाही प्रारंभ कर दी।





मिली जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा नगर के छिंदवाड़ा रोड, वार्ड नंबर 14 में किराए के मकान में रहने वाले पटवारी तरुण उईके ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी शुक्रवार को सुबह 10.00 बजे मिली जब पटवारी से मिलने कुछ किसान आए हुए थे और उनके द्वारा दरवाजा नहीं खोला गया था।

इसके बाद पड़ोसियों ने देखा और तरुण के मित्रों और परिवार को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर अमरवाड़ा एस.डी.एम. हेमकरण धुर्वे, एस.डी.ओ.पी. रविंद्र मिश्रा, तहसीलदार राजेश मरावी, नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे दलबल के साथ पहुंचे जिन्होंने फांसी के फंदे से शव को उतार कर पंचनामा बनाकर पी एम के लिए भेजा।

वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तरुण उईके की पत्नी 2 महीने से अपने मायके में रह रही थी और इन दोनों के बीच में आए दिन विवाद होते रहते थे।

इसी वजह परेशान होकर शायद उसने यह कदम उठाया है। मौके पर नगर पालिका के शव वाहन की मदद से पी एम के लिए भेजा। पटवारी तरुण उईक करबडोल पंचायत में पदस्थ थे सुरलाखापा के रहने वाले थे।

# सियाल घोघरी कोयला खदान में स्थानीय डिप्लोमाधारियों को नहीं मिल रही नौकरी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के वेकोलि क्षेत्र सियाल घोघरी निजी कोयला खदान में लंबे समय से अधिकारियों के द्वारा नियम एवं कानून को ताक पर रख मनमर्जी अनुसार कार्यप्रणाली अपना रहे हैं।

जानकार सूत्रों ने बताया कि कोयला मंत्रालय के आदेशानुसार जिस स्थान पर खदान खोली जाती है। उसके आसपास जहां विकास कार्य करने की शर्त होती है। वहीं पर स्थानीय लोगों को रोजगार देने का भी प्रावधान होता है। लेकिन सियाल घोघरी कोल ब्लॉक में देखने में आ रहा है कि क्षेत्र के स्थानिक कामगार तो बहुत कम है। लेकिन बाहर के ज्यादा कर्मचारियों को काम पर रखा गया है। इस खदान में लगभग डेढ़ सौ अधिकारी एवं करीब 1300 कर्मचारी कार्यरत है।

पता चला है कि कर्मचारियों को नियमित रूप से काम नहीं दिया जाता है। वहीं उच्च स्तरीय समिति के द्वारा जो ठेका मजदूरों के लिए निर्धारित वेतनमान है, वह भी मजदूरों को नहीं मिलता है। इसके अलावा जो अन्य सुविधाएं मजदूरों को मिलना चाहिए, उसमें भी काफी कटौती कर दी गई है। इस तरह देखा जाए तो इस निजी खदान में मजदूरों का पिछले कई सालों से शोषण किया जा रहा है।

यह भी पता चला है कि छिंदवाड़ा जिले के खिरसाडोह में पॉलिटेक्निक कॉलेज है जिसमें कई विद्यार्थियों ने माइनिंग का डिप्लोमा करने के बाद सियाल घोघरी कोल ब्लॉक में नौकरी के लिए आवेदन दिया था। लेकिन उनके आवेदन को रद्दी में डाल दिया गया। प्रबंधन के अधिकारियों ने सतना की ए.के.एस. यूनिवर्सिटी से माइनिंग का डिप्लोमा करने वाले लोगों को खदान में नौकरी पर रखा है।

इसके अलावा सतना के ही बहुत से कर्मचारियों की खदान में भरमार है। यहां तक की खदान में पोस्ट डिप्लोमा प्रैक्टिकल की जो ट्रेनिंग होती है। उसमें भी खिरसाडोह के माइनिंग डिप्लोमा धारियों को कोई मौका नहीं दिया गया। सियाल घोघरी



## खदान में डेढ़ सौ अधिकारी व 13 सौ कर्मचारी कार्यरत

कोयला खदान का काम पहले प्रिज्म सीमेंट सतना को वर्ष 2011 एवं 12 में मिला था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सारे कोल ब्लॉक रद्द किए थे। नए सिरे से फिर नीलामी हुई थी। खदान रिलायंस कंपनी को दी गई थी। लेकिन गत वर्ष 2017 से मध्य प्रदेश बिरला काम कर रही है। जिसने दो अन्य कंपनियों को पेटी कांटेक्ट से काम दे दिया है।

जिसमें एक कंपनी आरसीसीपीसी एव दूसरी कंपनी टेक्नो ब्लॉक माइन कॉरपोरेशन टीएमसी काम कर रही है। गौर करने वाली बात है कि सियाल घोघरी कोयला खदान में वेकोलि की खदानों के मजदूरों का नेतृत्व करने वाले श्रमिक संगठनों ने अपनी यूनियन बनाई है। लेकिन लंबे समय से देखने में आ रहा है कि श्रमिक संगठन भी मजदूरों के अधिकारों एवं समस्याओं को लेकर खामोश है।

## सार-समाचार

### खजरी रोड में जेसीबी से टकराई मोटरसाइकिल, युवक की मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देहात थाना अंतर्गत आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक ने अपनी जान गवा दी। दरअसल रोड क्रॉस करते समय ये हादसा हुआ।

जानकारी के अनुसार संजय पिता शुक्ला उइके 26 वर्ष हर्रई बाल घोघरी का रहने वाला है। सिवनी में जीपीएस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर काम करता था। आज सुबह वह सिवनी अपने घर के लिए रवाना हुआ था। जहां किसी काम से वह खजरी रोड गया हुआ था। जहां बाइक का पेट्रोल खत्म होने पर पेट्रोल पंप से रोड क्रॉस करते समय वहां खड़ी जेसीबी से बाइक जाकर टकरा गई। इस हादसे में उसे सिर पर गम्भीर चोट आई। मौके पर पहुँची 108 की मदद से घायल को जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पगारा में किसान दंपति पर प्राणघातक हमला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पगारा में बीती रात्रि एक युवक ने किसान दंपति पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला किया। जिसमें महिला के पेट एवं उसके पति की गर्दन में गंभीर घाव लगे। दंपति को उपचार के लिए सिविल अस्पताल परासिया लाया गया। जहां से दोनों को रात में ही जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना को लेकर परिजनों ने न्यूटन पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पता चला है कि हमला करने वाला युवक फरार हो गया है।

### डॉ. अंकित मेश्राम बने अध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव वेटनरी डॉ. वेल्फेयर एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बबीता त्रिपाठी ने मध्यप्रदेश के सक्रिय नौ डॉक्टरों को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है जिसमें डॉ. अंकित मेश्राम को छिंदवाड़ा ज़िले का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संगठन, समस्त डॉक्टरो एवं विश्व हिन्दू परिषद संगठन द्वारा डॉ. मेश्राम का अभिनंदन किया गया एवं जिलाध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। डॉ.



अंकित ने बताया कि संगठन की कार्यकारिणी तय होने के पश्चात प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बबीता त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन मे शासन के कार्य करते समय पशु चिकित्सकों को जो भी बाधाएँ आए या किसी प्रकार का अन्याय हो, संगठन के माध्यम से पूरी शक्ति के साथ उनके हितों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संगठन एवं समस्त पशु चिकित्सकों और विश्व हिन्दू परिषद संगठन का अभिनंदन हेतु आभार व्यक्त किया। अपनी नियुक्ति को लेकर डॉ. अंकित मेश्राम ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया है कि संगठन में प्रदत्त संविधानों के अनुसार कार्यकारिणी विस्तार कर चिकित्सको के हित में सदैव संघर्ष के लिए तैयार रहेंगे। मेरी नियुक्ति पर स्थानीय पशु चिकित्सको, वरिष्ठ अधिकारियों ने जो स्नेह दिया है उनका आभार व्यक्त करता हूं।

### ग्रामीण का आरोप, निजी जमीन पर बना दी सीसी सड़क

**गोटेगांव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेदू से है जहां पर ग्राम में ही निवासरत डोमन सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यो पर एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया की ग्राम पंचायत द्वारा उनकी निजी जमीन पर सी.सी.सड़क बनाकर




अतिक्रमण किया जा रहा है जिस कि शिकायत को लेकर युवक ने उचित दफ्तरो में आवेदन दिया है।लेकिन युवक दो साल से दफ्तरो के चक्कर काट रहा है अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नही हुई सिर्फ नायाब तहसीलदार द्वारा पेमाइश की गई है। जब कि युवक का कहना है की जो सी.सी.सड़क तोड़कर हमारी जगह पर गंदा पानी जाता है वह रोका जाए और हमारी जगह हमे मिलनी चाहिए।

# खेत से अफीम के पौधे जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चौरई पुलिस ने खेत में लगे अफीम के पौधे सहित आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

चौरई पुलिस ने बताया कि कल 21 फरवरी 2025 को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम चन्हिया खुर्द का केवल वर्मा अपने खेत में अफीम के पौधे लगाया हुआ हैं कि सूचना विश्वसनीय होने से वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना से अवगत कराया गया जो वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन में थाना प्रभारी चौरई द्वारा त्वरित कार्यवाही करने हेतु 03 अलग-अलग पुलिस टीम को मौके पर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया।

पुलिस टीम के द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही की गयी जो केवल वर्मा के खेत में कुंआ के पास अफीम के पौधे लगे हुये मिले। आरोपी केवल वर्मा के खेत में लगे अफीम के पेड़ कुल 18 किलो 394 ग्राम गीले कीमती 1,80,000/- रूपये के जप्त किया गया।

आरोपी केवल वर्मा के विरूध्द अपराध क्रमांक 178/25 धारा 8,18 बी.एन.एस., 25 एन.डी.पी.एस. एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द किया गया। आरोपी केवल वर्मा को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशियल रिमांड में पेश किया गया।

निरीक्षक गनपत सिंह उईके, उप निरी. लता मेश्राम, सावित्री बघेल, स.उ.नि. हिरैशी नागेश्वर, शेख असगर अली, सतीश दुबे, नारायण सिंह बघेल, पूनम सनोडिया, प्र.आर. 696 गोपाल साहू, आरक्षक राजू भारती, राजकिशोर बघेल, सतीश बघेल, प्रकाश साहू, राजेश सनोडिया, रोहित ठाकुर, योगेश मालवी, राजपाल बघेल, अभिषेक सनोडिया, नीरज बघेल की सराहनीय भूमिका रही ।

# सौम्य बंदेवार ने किया जेई परीक्षा में टॉप

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तहसील चांद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 1 निवासी ओमकार बंदेवार के नाती व विनीत बंदेवार के सुपुत्र सौम्य बंदेवार ने जे.ई.ई. मेन्स की परीक्षा में छिंदवाड़ा जिले प्रथम अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

भारतीय सेन समाज संगठन छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार ने सौम्य बंदेवार को बधाई देते हुए कहा कि हमारे समाज के नोजवान किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है अब हमारे समाज के बच्चे शिक्षा ही नहीं आज हर क्षेत्र में तरक्की ओर उन्नति कर रहे हैं।



सौम्य बंदेवार ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना व माता पिता परिवार ओर समाज का नाम रोशन किया है। हम आपको बता दें कि सौम्य बंदेवार ने जे.ई.ई. मैन्स परीक्षा 2025 की परीक्षा में 99.04 प्रतिशत अंक लाकर पूरे ज़िले में नाम रोशन किया है।

जे.ई.ई. मैन्स परीक्षा 2025 की परीक्षा के प्रथम प्रयास में 99.04 प्रतिशत अंक लाकर एन.आई.टी. में सीट पक्की की और आई.आई.टी. एडवांस के लिए क्वालिफाई किया सेन समाज के वरिष्ठ संरक्षक जगदीश श्रीवास, प्रदेश प्रभारी अंकित बंदेवार, प्रदेश महासचिव नीरज सेन, जिला युवा अध्यक्ष हेंमत बंदेवार, सेलून ऐशोशियन अध्यक्ष बंटी श्रीवास, प्रदेश संगठन मंत्री रवि राजनकर, सत्यभान श्रीवास, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास, मिलन सराठे, नगर अध्यक्ष चंदन बंदेवार, दिनेश बंदेवार, दीपकराज बंदेवार, उमेश बंदेवार सहित कई अन्य सामाजिक बंधुओ से बधाई देते हुए कहा कि अब हमारे समाज के नोजवान बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे आ रहे हैं।

दिनेश बंदेवार ने कहा है कि ऐसे होनहार छात्र सौम्य बंदेवार का सेन समाज शीघ्र कार्यक्रम कर सम्मानित करेंगा की जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है ताकि समाज के अन्य युवक, युवति अनुसरण करते हुए परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें।

# रोजगार मेले में 150 युवाओं का चयन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छिंदवाड़ा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्घाटन जनभागीदारी अध्यक्ष भारत घई, सदस्यगण अमिता आशीष बरैया, श्रद्धा जैन, तरुण सोनी और प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा ने सरस्वती पूजन कर किया।

इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष श्री घई ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य और रोजगार के लिए निरंतर आयोजन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैए उन्होंने सभी युवाओं और विद्यार्थियो से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। प्राचार्य डॉ वाय के शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियो को पढ़ाई के साथ साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते है ।

रोजगार मेले में 690 पंजीयन हुए, साक्षात्कार के पश्चात 150 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। इस प्रदेश स्तरीय आयोजन में महेंद्रा एंड महेंद्रा, फ्लिपकार्ट, एनआईआईटी फाउंडेशन छिंदवाड़ा, यूनिक पब्लिक स्कूल अमरवाड़ा, डीएमसीएफएस पुणे, उत्कर्ष फाइनेंस आदि कंपनिया शामिल रही।

रोजगार मेले के आयोजन में डॉ. टीकमणी पटवारी, डॉ. सुनामीका धुर्वे, डॉ. शिवम डोले, प्रो. महेंद्र साहू, डॉ. सोनी भममरकर, अनुज दुबे, जनभागीदारी समिति के सदस्य तरुण सोनी के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के विशाल सलामे सहित विद्यार्थियो का विशेष सहयोग रहा।

# सांसद ने दिलाई 40 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिंदवाड़ा जिले के निवासी एक गंभीर मरीज का अस्पताल में ईलाज हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांसद श्री साहू के निवेदन पर अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 40 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है।

उल्लेखनीय है कि मरीज और उनके परिजनों ने गत दिनों सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ईलाज कराने में असमर्थता जाहिर करते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

इसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को आर्थिक सहायता दिए जाने का निवेदन किया था। फलस्वरूप मुख्यमंत्री ने नितिका ढाकरे पति गौतम ढाकरे को आर्थिक सहायता स्वीकृत की है

# दिव्यांग छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक सरोकार में अग्रणी जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य चर्म रोग निदान शिविर का आयोजन सी.डब्लू.एस.एन. दिव्यांग कन्या छात्रावास में किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन दीप प्रज्वलित कर किया गया संस्था अध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि त्वचा, चर्म रोग निदान शिविर में नि:शुल्क सेवाएं देने पहुंचे डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. हितेश भलावी (चर्म रोग विशेषज्ञ) ने बच्चों को शारीरिक साफ सफाई कैसे रखनी है इस बारे में बताया एवं स्किन बीमारियों से बचाव संबंधी सुझाव देते हुए नियमित रूप से खानपान के बारे में जानकरी दी। डॉ. भलावी ने सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमन्द छात्राओं को नि:शुल्क दवाइयां भी प्रदान की।



## संकल्प सोसायटी का आयोजन

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित इमरत चक्रबर्ती ने कहा कि सेवा संकल्प सोसाइटी का मुख्य लक्ष्य मानव सेवा है सोसायटी से जुड़े सभी सदस्य नि: स्वार्थ भाव से सेवा भावी कार्य कर रहे हैं साथ ही आज इस सेवा कार्य में आकर मुझे बहुत अच्छा लगा कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्था के प्रवक्ता डॉ. डी.एस. चौरे, डॉ. ओ.पी. विश्वकर्मा, अलका शुक्ला, शबाना यास्मीन, छात्रावास संचालक वीरेंद्र शिवहरे, आराधना पाटिल, मधु झारिया, ललिता परतेती, पूनम आठनकर, सोनीका चंद्रवंशी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# चांद कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित व्याख्यान में प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कहा कि मातृभाषा का अविरल प्रवाह सांस्कृतिक विरासत का संरक्षक होता है। भव्य भारत की भूमि मातृभाषा से हरी भरी रह सकती है। उर में उगे मातृभाषा के अनुराग के अंकुर से राष्ट्र पनपता है। मातृभाषा का अविरल प्रवाह सांस्कृतिक विरासत का संरक्षक है। बिना मातृभाषा के राष्ट्र गूंगा होता है। मातृभाषा किसी भी राष्ट्र की चेतना सामर्थ्य की जननी होती हैए जो समावेशी विकास हेतु उत्प्रेरक का काम करती है। मातृभाषा राष्ट्र के संज्ञानात्मक पुनर्जागृति की धुरी होती है, जिसके बिना उस देश के लोग सिर उठाकर नहीं चल सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस भाषाओं के प्रति लगाव में वृद्धि, संरक्षण, भाषा वैविध्य को प्रोत्साहन और संस्कृति से जोड़े रखने जैसा दुर्लभ कार्य करती है।

# महापौर ने हितग्राहियों के लिए की 2.76 करोड़ रुपए की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दी जाने वाली राशि की मांग हेतु प्रमुख सचिव, म0प्र0 असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल मंत्रालय बल्लभ भवनए भोपाल को पत्र लिखा।

महापौर ने पत्र के माध्यम से प्रमुख सचिव को बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनातर्गत सितम्बर 2023 से 20 दिसम्बर 2024 तक 136 हितग्राहियों का वर्तमान तक अनुग्रह सहायता राशि प्रदान नहीं की गई है। पूर्व में जिन हितग्राहियों का शासन द्वारा आवंटन समय-समय पर व्यक्तिगत नाम से स्वीकृति प्रदान की गई थी उस आधार पर हितग्राहियों का भुगतान निगम द्वारा किया गया है। वर्तमान में उक्त अवधि के 136 हितग्राहियों का भुगतान लंबित है जिसकी राशि रूपये 2.76 (दो करोड़ छियत्तर लाख रुपये) हितग्राहियों के खाते में राशि भुगतान करने की मांग महापौर विक्रम अहाके ने की है।

# कलेक्टर ने किया पाइप लाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण व मंधान डेम का दौरा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया में जलापूर्ति के लिये अमृत 2.0 योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंधान डेम का दौरा कर परासिया नगर को प्रतिदिन पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। इसी क्रम में उन्होंने चरई डेम का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने पानी की उपलब्धता और अन्य निकायों द्वारा उपयोग किए जा रहे जल की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने चरई डेम में स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर पानी की शुद्धता की जांच की।

## अमृत 2.0 योजना के तहत जलापूर्ति व्यवस्था का विस्तार

परासिया नगर में जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अमृत 2.0 योजना के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत नदी के भीतर फ्लोटिंग इंटेक स्ट्रक्चर डाला जाएगा, जिससे जल संग्रहण अधिक सुचारू रूप से किया जा सकेगा। साथ ही मंधान बांध से परासिया के इंटेक वेल तक 13 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी जिससे पानी की आपूर्ति आसानी से संभव होगी। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 20 में एक ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा जिससे नगर में जल वितरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस योजना के तहत नगर परिषद न्यूटन चिखली के कुछ भागों में भी जल प्रदाय किया जाएगा जिससे वहां के नागरिकों को भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

## शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नगर पालिका परासिया को निर्देश दिए कि इस योजना का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कर समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि परासिया नगरवासियों को जल संकट से राहत मिल सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अनुविभागीय अधिकारी, ए.ई., पी.एच.ई. परासिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी परासिया और तहसीलदार परासिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बता दें कि परासिया, चांदामेटा, बड़कुही में पेयजल संकट हुआ करता था माह में दो बार पानी मिलता था। अब बंधान डेम के कारण पेयजल समस्या काफी हद तक कोयलाचंल क्षेत्र की कम हुई है लेकिन पर्याप्त नहीं।

# परासिया जनपद में बैठक लेकर कलेक्टर ने दिया आदेश, लापरवाह कर्मचारी-अधिकारियों को नोटिस दें

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने सी.ई.ओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के साथ जनपद पंचायत परासिया में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सभी इंजीनियर्स एवं जनपद की सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों और रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में एस.डी.एम. परासिया पुष्पेंद्र निगम एवं सी.ई.ओ. जनपद पंचायत परासिया स्वाति सिंह भी उपस्थित थीं। इस दौरान उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों के साथ पीएम जनमन अभियान, मनरेगा के कार्यों, पी.एम. आवास सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों को गति और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित आवासों को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि लाभार्थियों को शीघ्र इनका घर मिल सके। कलेक्टर श्री सिंह ने उन ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जहां अधिक संख्या में पीएम आवास अब तक लंबित हैं। साथ ही स्थिति सुधारने के लिए समय दिया है। उसके बाद भी सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्यवाही की निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम आवास सहित अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न करें। निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप और पारदर्शिता के साथ किए जाएं जिससे लाभार्थियों को टिकाऊ और सुरक्षित आवास मिल सके।

## सार-समाचार

### एमएलबी स्कूल की 12 की छात्राओं को दी गई विदाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज कक्षा ग्यारहवीं आर्ट्स कॉमर्स साइंस गृह विज्ञान की लगभग 350 छात्राओं के द्वारा कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्राओं को बेहद उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने धनराशि कलेक्ट कर कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए शानदार भजन की व्यवस्था कर उन्हें वेलकम करते हुए उनके ऊपर पुष्प की वर्षा करते हुए गेट से हाल तक लेकर आया गया तत्पश्चात उन छात्रों को सामान बिठाकर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्राओं ने अपनी स्कूली शिक्षा की यादों को ताजा करते हुए अपने उद्बोधन दिए साथ ही संस्था की प्राचार्या अलका श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को आशीर्वचन के रूप में यह समझाइए देते हुए कहा गया कि बच्चों



अब आपके जीवन में अपना मुकाम हासिल करने के लिए अनुशासन का परिचय देते हुए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है और आने वाली वार्षिक परीक्षा का परीक्षा परिणाम प्रत्येक छात्र को 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर मध्य प्रदेश शासन की माहिती योजना लैपटॉप के लिए 25000 रुपए की राशि की लिस्ट में शामिल होना है।

इस अवसर पर संस्था के कॉमर्स के उच्च माध्यमिक शिक्षक राघवेंद्र वसूल द्वारा छात्राओं को साइबर सुरक्षा समाज में बढ़ रही अनैतिकता से हम कैसे बचे और साथ ही हम अपने आप को सुरक्षित कैसे रखें और समाज में अपनी बेहतर भूमिका कैसे अदा करें परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें और परीक्षा में सफल परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए किस तरह तैयारी करें इस बारे में समझाया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्राओं के द्वारा एकल नृत्य समूह नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन को कक्षा ग्यारहवीं की कक्षा शिक्षिका शारदा राज, गरिमा बत्रा, परवीण मंसूरी, श्रद्धा ढाले, ललिता दांडेकर के द्वारा छात्राओं को तेरी कर विदाई समारोह का सफल आयोजन किया गया।

### कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस सेवादल की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से चर्चा के पश्चात कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले के द्वारा नियुक्तियां की गई है।

कांग्रेस सेवादल की घोषित जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष राकेश मरकाम, सुमित जैन व हेमबाबू सिंह मनोनीत किए गए हैं। जिला कोषाध्यक्ष कमलेश पाल नियुक्त किए गए हैं। जिला महासचिव- कमल मदान, नफीस कश्मीरी, रमेश बेले, शिशु डेहरिया व रमेश सलेवार को घोषित कार्यकारिणी में जिला महासचिव मनोनीत किया है। जिला मुख्य प्रशिक्षक के पद पर राजेश धुर्वे मनोनीत किए गए हैं। जिला प्रशिक्षक- रियाज खान, गोविंद उइके, जागीर खान, प्रदीप जोशी व आशिक खान को मनोनीत किए गए हैं।

सचिव- राधेश्याम वर्मा, कन्हैया सिंगोतिया, हेमन्त राजपूत, रमाकांत सातनकर, महेश शर्मा, शंकर पाल, संजय मरकाम, चन्द्र भूषण डेहरिया, नफीस कश्मीरी, नरेन्द्र ठाकुर व बसंत शर्मा को घोषित कार्यकारिणी में सचिव मनोनीत किया गया है। संयुक्त सचिव-दीना यदुवंशी, प्रेम उइके, अखलेश पवार, राकेश नागोतिया, कमलकर ठाकरे, सुनील पहाड़े, दीपांशु लोखंडे, विनय यदुवंशी, रमेश बेले व जितेन्द्र जैन को संयुक्त सचिव मनोनीत किया है। ध्वज प्रभारी शेषराव उइके, अनुशासन एवं समन्वयक दीपक बाजपेई, जिला संयोजक सोशल मीडिया आशिष पाल, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया की जिम्मेदारी राजेन्द्र डेहरिया, गजेन्द्र इन्दौरकर व शिवराम मोहबे को सौंपी है।संगठन मंत्री साजिद खान, कार्यालय प्रभारी निजाम मंसूरी व संजय खड़तकर नियुक्त किए गए हैं। विशेष आमंत्रित सदस्य- सतीश भायदे, श्रीराम ठाकरे, बलीराम परतेती, राहुल यादव, दिनेश पाल, आशाराम मरकाम, सुरेन्द्र सातनकर, सादिक भाई, जावेद खान, हबीब बेग, मोती सिंग ठाकुर, सुनील मसकुले, मुबीन अंसारी, जगदीश विश्वकर्मा, डॉ. द्वारका यदुवंशी, नोखेलाल साहू व गोविंद युवनाती कांग्रेस सेवादल मनोनित

# बादल भोई के बलिदान से सुरक्षित हुए आदिवासियों के अधिकार : कांग्रेस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के लिये अपना सम्पूर्ण योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी बादल भोई का बलिदान दिवस मनाया गया। कांग्रेस के द्वारा स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजन ने वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करने के साथ ही आदिवासियों के हक और अधिकार के लिये उन्होंने लड़ाई लड़ी जिसके परिणाम स्वरूप आज आदिवासी भाइयों के अधिकार सुरक्षित है।

स्वतंत्रता सेनानी बादल भोई के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि बादल भोई ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते हुये उनके छक्के छुड़ाये और उन्हें देश छोड़ने के लिये मजबूर किया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि वीर योद्धा और आदिवासी समाज के मार्गदर्शक व पूजनीय बादल भोई की वजह से आज जल, जंगल और जमीन के मूल वाशिंदों के अधिकार सुरक्षित है।

प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बादल भोई ने आदिवासियों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिये संघर्ष किया जिसके परिणाम स्वरूप आदिवासी समाज सुरक्षित हुआ है।

# हादसे रोकने को एसपी ने सड़क किनारे लगवाए संकेतक बोर्ड

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला छिंदवाड़ा में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न दुर्घटना संभावित मार्गो/स्थलों पर राइट एवं लेफ्ट शेवरॉन बोर्ड (Right & Left Chevron board) तथा सावधानात्मक संकेतक बोर्ड (Cautionary Boards) निरंतर लगाए जा रहे हैं।



इन संकेतकों का उद्देश्य तीव्र मोड़ वाले मार्गए ढलानोंए अन्य खतरनाक स्थानों पर वाहन चालकों को सतर्क करना हैं, जिसके फलस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके। यह अभियान परासिया पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से संचालित किया जा रहा हैं। इसी प्रकार जिले के अन्य मार्गो/स्थलो पर भी कार्य किया जावेगा।

जिले के सभी वाहन चालकों से अपील हैं कि वे इन संकेतकों का ध्यानपूर्वक अनुसरण करें साथ ही गति सीमा का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी हैं, इस पहल के माध्यम से दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता हैं।

# सांसद ने चौरागढ़ की चोटी पर पहुंच कर किए महादेव के दर्शन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार को 17 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चौरागढ की चोटी पर विराजे बाबा महादेव के दर्शन किए। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ के लाखों भक्तों वाले इस मेले के इतिहास में पहली बार कोई सांसद पैदल कठिन चढाई कर बाबा महादेव के दर्शन करने पहुंचा। सांसद बंटी विवेक साहू ने भूराभगत से साढे ग्यारह बजे यात्रा शुरू की। गौरतलब है कि इसके पूर्व के सांसद यहां पर हेलीकाप्टर द्वारा ही आया-जाया करते थे।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह सांसद कार्यालय के सामने वार्ड पार्षद शिवानी बंटी सक्सेना ने सांसद बंटी विवेक साहू को तिलक लगाकर उनकी सफल यात्रा की कामना की। इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा महादेव के जयघोष के नारे लगाते हुए यात्रा की शुरूआत की। चौरागढ के महादेव मेंले में भूराभगत सांगाखेडा से चढाई को बेहद कठिन, थका देने वाली मानी जाती है। सांसद बंटी विवेक साहू ने इस यात्रा का संकल्प लिया और आज इसे पूरा कर लिया। भूराभगत से महादेव यात्रा करने वाले जानते है कि ये यात्रा कितनी कठिन और थका देने वाली होती है। इस मायने में सांसद श्री साहू का ये संकल्प सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि भविष्य में इस मेले की दिशा और दशा बदलने वाला भी माना जा रहा है।

## बाबा गरीब दास से हीवर मठ में की चर्चा

पचमढी और भूराभगत का रास्ता हीवर मठ में मिलकर चौरागढ की चोटी पर जाता है। यहां बाबा गरीब दास का मठ है। मठ में सांसद विवेक बंटी साहू ने बाबा गरीब दास से मुलाकात की। बाबा गरीब दास ने नंदी खेड़ा के रास्ते के निर्माण कि मांग की। उन्होंने कहा कि कई बार वे इस मार्ग के निर्माण की मांग कर चुके है। लेकिन मार्ग नहीं बना। तीन पुलिया वाले इस मार्ग के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में लाभ होगा।

## रोप वे बने तो साल भर चलेगा मार्ग

परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने सांसद विवेक बंटी साहू से रोप वे निर्माण को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रोप वे का निर्माण थोड़ा कठिन है। लेकिन यदि इस मार्ग पर रोप वे बन जाता है तो ये रास्ता साल भर चलेगा। जिससे क्षेत्र के आदिवासी पर्यटन से जुड़कर साल भर रोजी रोटी कमा सकेंगे।

इस दौरान यात्रा में प्रमुख रूप से नगरपालिका परासिया अध्यक्ष विनोद मालवी, जगेन्द्र अल्डक, रोहित पोफ्ली, नवीन बारस्कर, मनीष सोनू यादव, विषवेन्द्र बैस, देवी पाल, रवि मालवी, बिट्टू मंडराह, अंकित सोलंकी, अजय राजपूत, मोनू साहू, शिवम साहू, विशाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पांढुर्णा बने स्वच्छता में नम्बर वन कलेक्टर ने दिए निर्देश

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** शहर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने के संकल्प के साथ जिला कलेक्टर अजयदेव शर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारी फिर जितने की बारी बैठक का आयोजन शुक्रवार दोपहर कलेक्टर सभा कक्ष में किया। इस बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों से सुझाव लिए गए। कलेक्टर ने साफ शब्दों में कहा कि मेरा लक्ष्य पांढुर्णा को स्वच्छता में शीर्ष स्थान दिलाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बनाने में प्रशासन की मदद करें।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी शुरू

कलेक्टर अजयदेव शर्मा ने घोषणा की कि स्वच्छता सर्वेक्षण- 2025 की शुरुआत जल्द होने वाली है और इस बार पांढुर्णा को नंबर 1 पर लाने के लिए कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों को जागरूक करने के लिए नारा दिया मैं हूं थैला धारी, नहीं करूंगा पन्नी का उपयोग।

इसके बाद कलेक्टर अजय देव शर्मा ने शहर के चौक-चौराहों का निरीक्षण किया और बुनियादी नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छता योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## सख्त नियम और जुर्माने का एलान

कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में स्वच्छता अभियान को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी किए कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन प्रतिदिन सही तरीके से हो, पन्नी व प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, पहले दुकानदारों को समझाइश दी जाएगी, यदि सुधार नहीं हुआ तो भारी जुर्माना वसूला जाएगा, शनिवार, रविवार और सोमवार को समझाइश का अभियान चलेगा, मंगलवार से कार्यवाही शुरू होगी। घर के सामने, खाली प्लॉट या सड़कों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना और कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान के लिए विशेष टीम का गठन, अब लापरवाही नहीं चलेगी। कलेक्टर अजयदेव शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहरवासियों को जागरूक होना होगा और प्रशासन की मदद करनी होगी। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

आज शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाए जाने पर सुझाव के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया परंतु जिम्मेदार नगर परिषद के पार्षद बैठक में उपस्थित नहीं हुए। बता दें कि पांढुर्णा नगर पालिका परिषद में 30 वार्डों के 30 पार्षद हैं, परंतु बैठक में नपा अध्यक्ष केवल अपने 3 पार्षदों के साथ पहुंचे।




# गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय गर्ल्स कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार अवधेश तिवारी ने कहा कि बहुभाषिकता और सांस्कृतिक विविधता को सम्मान देने के उद्देश्य से इस दिवस का आयोजन किया जाता है। स्थानीय बोली और संस्कृति का संरक्षण करना समय की मांग है। नेमीचंद व्योम ने कहा कि हमारे देश में जितनी भाषाई और बोलियों की विविधता है, उतनी दुनिया में कहीं नहीं है। डॉ. श्रीपाद आरोनकर ने कहा कि हमारी समृद्धशाली विरासत हमारी भाषाओं में बसती है। संयोजक डॉ. विजय कलमधार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में विविधता और बहुलता की झलक दिखती है। प्रो. सीताराम शर्मा ने कहा कि भारत की क्षेत्रीय भाषाएं इसे राष्ट्र के रूप में एकता और अखंडता के सूत्र में बांधती है। शोभाराम जम्होरे ने कहा कि भाषाओं की कोई सरहद नहीं होती, जो उन्हें बोलता है वो उसकी हो जाती है। रेणुका पोफ्ली ने मराठी गीत का वाचन किया। इस अवसर पर प्रो. पूनम उसरेठे, नीता वर्मा के साथ हिंदी विभाग की छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद